दिनांक : 25.03.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- देश के सभी जिलों में चलाया जाएगा सघन टीबी उन्मूलन अभियान। प्रदेश को मिला सौ दिवसीय टीबी मुक्त अभियान के लिये सम्मान।
- निशानेबाजों की खोज के लिए चलाया जाएगा कार्यक्रम। मुख्यमंत्री ने की घोषणा।
- केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर में कई विकास कार्यों की दी सौगात। कहा-महिलाएं हर क्षेत्र में आ रही हैं आगे।
- आईपीएल क्रिकेट में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनउ सुपर जाइंट्स को हराया। मध्यप्रदेश के आशुतोष बने प्लेयर ऑफ द मैच।

नड्डा-टीबी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने देश के सभी जिलों में सघन तपेदिक रोग उन्मूलन अभियान चलाने की घोषणा की है। इससे पहले यह अभियान चयनित उच्च प्राथमिकता वाले 455 जिलों में लागू था। नई दिल्ली में कल विश्व तपेदिक दिवस 2025 शिखर सम्मेलन में श्री नड्डा ने कहा कि एक सौ दिन के तपेदिक मुक्त भारत अभियान के दौरान लगभग 13 करोड़ लोगों की जांच की गई और इस बीमारी से पीड़ति सात लाख से अधिक नए रोगियों का पता चला।

श्री नड्डा ने कहा कि भारत में तपेदिक रोग से उपचार का दायरा 59 प्रतिशत से बढ़कर 85 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार इस वर्ष के अंत तक देश से तपेदिक को खत्म करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

बाईट- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा

टीबी अवार्ड

विश्व टीबी दिवस पर कल नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने मध्यप्रदेश को 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं, समर्पित चिकित्सकों, सेवाभावी स्वास्थ्य कर्मियों और आम जन की भागीदारी के प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सतत प्रयासों और जनसहयोग से टीबी मुक्त भारत का सपना साकार किया जा सकता है।

निशानेबाजी मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश खेलों के क्षेत्र में तेज़ी से उभर कर सामने आ रहा है। भविष्य में यह खेलों की राजधानी बनेगा। मुख्यमंत्री कल इंदौर की रेवती रेंज में 18वीं अखिल भारतीय पुलिस निशानेबाजी चैम्पियनशिप-2024 के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। यह प्रतियोगिता 29 मार्च तक चलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर एक स्मारिका का विमोचन भी किया। उन्होंने निशानेबाजों की खोज के लिए कार्यक्रम प्रारंभ करने की भी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और बीएसएफ के समन्वय से निशानेबाजों की खोज की जाएगी।

बाईट- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन याद

मुख्यमंत्री आगरमालवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज आगरमालवा जिले के प्रवास पर रहेंगे। वह यहाँ विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री आगरमालवा जिले के ग्राम सालरिया जाएंगे। यहाँ विश्व के पहले कामधेनु गौ अभ्यारण्य में एक वर्षीय वेदलक्षणा महा-महोत्सव अंतर्गत आयोजित गौ कथा समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां मुख्यमंत्री का उज्जैन के अम्बोदिया स्थित सेवाधाम आश्रम जाने का कार्यक्रम है।

प्रधानमंत्री-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम के लिए नागरिकों से सुझाव मांगे हैं। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कार्यक्रम के लिए बड़े पैमाने पर सुझाव मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह सुझाव सामाजिक भलाई के लिए सामूहिक प्रयासों की शक्ति को दर्शाते हैं।

लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800, नरेंद्र मोदी ऐप या मायगॉव ओपन फोरम के माध्यम से इस महीने की 28 तारीख तक साझा कर सकते हैं।

कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। आकाशवाणी पर हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

सिंधिया ग्वालियर

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल ग्वालियर जिले के भितरवार क्षेत्र में करोड़ों रूपए के विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ग्वालियर-चंबल संभाग में विकास के अनेक कार्य किए जा रहे हैं। क्षेत्र के विकास और प्रगति के लिये हर संभव प्रयास किए जायेंगे। श्री सिंधिया ने पत्रकारों को बताया कि ग्वालियर के क्रिकेट स्टेडियम की दर्शक क्षमता बढ़ाकर 50 हजार किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री शासकीय विजयाराजे कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरार के वार्षिकोत्सव समारोह में भी शामिल हुए। उन्होंने बड़ी संख्या में मौजूद छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कारगर महिला सशक्तिकरण नीति बनाई है। जिसकी बदौलत महिलाएँ हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही हैं। महिलायें जहाँ सुखोई, मिग व मिराज़ जैसे फाइटर विमान उड़ा रही हैं, वहीं पूरी मुस्तैदी के साथ सरहद की रक्षा पर भी तैनात हैं।

जनजातीय विकास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में वन क्षेत्रों में जनजातीय समाज के देव स्थलों पर पूजा-पाठ के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी। इसके लिए वन विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल मध्यप्रदेश जनजातीय मंत्रणा परिषद की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन-मन योजना में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के जिन पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है, उन्हें आवश्यक परीक्षण और सर्वेक्षण के बाद लाभान्वित किया जाएगा। "धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान" में सभी कार्य समय-सीमा में किए जाएंगे।

आईपीएल-क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में दिल्ली कैपिटल्स ने कल लखनऊ सुपर जायंट्स को एक विकेट से हरा दिया। लखनऊ द्वारा दिए गए 210 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने 19 ओवर तीन गेंद में नौ विकेट पर 211 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। मध्यप्रदेश के आशुतोष ने 31 गेंद पर 66 रन की नाबाद पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

समाचार संक्षेप में .....

- अहमदाबाद में संपन्न हुई दूसरी राष्ट्रीय डेफ शूटिंग, टेबल टेनिस और टेनिस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी भोपाल के कुशाग्र सिंह राजावत ने 01 स्वर्ण और 01 रजत जीता।
- एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर और आदर्श आवासीय विद्यालय की कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा 30 मार्च को होगी। प्रवेश पत्र स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट www-mpsos-nic-in पर अपलोड कर दिये गये हैं।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल इंदौर के प्रगति नगर में स्वातंत्र्य वीर विनायक दामोदर सावरकर की प्रतिमा का अनावरण किया।
- भिंड जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा कल लहार रोड पर युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।
- डिंडोरी कलेक्टर नेहा मारव्या ने कल कलेक्ट्रेट सभागार में समय सीमा बैठक में विभागवार संचालित योजनाओं एवं कार्य प्रगति की समीक्षा की।
- पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार ने कल जिला स्तरीय अनुसूचित जाति-जनजाति सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक में लंबित मामलों में शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए।
- मुरैना में कल आयोजित जिला रोजगार मेले में 140 बेरोजगारों ने साक्षात्कार दिया जिसमें 121 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया गया।
- अनूपपुर जिले में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों की खरीदी आज से शुरू होगी। इसके लिए केन्द्रवार नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

-------